कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मैनपुरी।

पत्रांकः– दिनाँकः– 18.5.2016

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, मैनपुरी में न्यायालयों एवं कार्यालयों में प्रयोग हेतु 70 नग डेजर्ट कूलर सिम्फनी कम्पनी मॉडल जम्बू के क्रय किये जाने हैं। इस सम्बन्ध में आपूर्तिकर्ता फर्मो द्वारा सील बन्द निविदा/टेण्डर दिनाँक 04.06.2016 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

निविदा/टेण्डर के साथ जनपद न्यायाधीश, मैनपुरी के पक्ष में देय रूपये 2000/– (दो हजार) का बैंक ड्राफ्ट दिनाँक 04.06.2016 की सायं 3.00 बजे तक जमा करना होगा। उक्त निविदाए उसी दिन सायं 4.00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा खोले जाने के समय फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्राप्त किये जायेंगे।

1– निविदा देने वाली फर्म का व्यापार कर कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है।

2– निविदा में आपूर्ति किये जाने वाले सामान की निर्माता कम्पनी मॉडल नं० आदि का विवरण अंकित करना अनिवार्य है।

3– प्रत्येक निविदा के साथ अंकन 2000/– रूपये का बैंक ड्राफ्ट जनपद न्यायाधीश, मैनपुरी के पक्ष में धरोहर धनराशि के रूप में संलग्न करना होगा।

4– भुगतान सामान की आपूर्ति किये जाने के पश्चात ही किया जा सकेगा। भुगतान के बिलम्ब में किसी प्रकार का ब्याज आदि का दावा स्वीकार नहीं होगा।

5– स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी (जनपद न्यायाधीश, मैनपुरी) को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त कर सकते हैं।

अध्यक्ष,क्रय समिति,
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
मैनपुरी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतुः–

1– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायाधीश, मैनपुरी।

No. 809/XV 2– नोटिस बोर्ड जिलाधिकारी, मैनपुरी।

810/XV 3– जिला सूचना अधिकारी, मैनपुरी को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

811/XV 4– माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

812/XV 5– एन०आई०सी० मैनपुरी को जनपद मैनपुरी की वैबसाइट पर प्रकाशन हेतु।